वीयू का ब्रुक इंडिया से एम.ओ.यू.

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी के प्रयासों से विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, फैकल्टी तथा पशु पालकों हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसमें वेटरनरी विश्वविद्यालय का करार ब्रुक इंडिया (Brooke Hospital for Animals India New Delhi) के साथ किया। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी तथा बिरीगेडियर (डॉ.) जे.एस. धर्माधरिन, सी.ई.ओ. 'ब्रुक इंडिया' के द्वारा एक औपचारिक कार्यक्रम में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य संयुक्त रूप से पशु चिकित्सा प्रभिक्षु छात्रों और पशु चिकित्सा प्रोफेशनल को अश्व विशिष्ट कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना, आभासी मीडिया, इंटरेक्टिव वेबीनार द्वारा अश्व कल्याण तथा उपयुक्त प्रबंधन, बुनियादी अवधारणाओं पर प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से ज्ञान प्रदान करना, अश्व और उनके पालकों के वेलफेयर हेतु काम करना तथा विशिष्ट अश्व क्षेत्र में प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट पाठ्यकृमों का संयुक्त कार्योन्वयन करना।

इस समझौते के कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी, सी.ई. ओ. ब्रुक इंडिया का स्वागत पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

डॉ. एस. घोष द्वारा स्वागत उद्बोधन तथा विश्वविद्यालय का परिचय प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया।

माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में इस अनुबंध के लिए हर्ष व्यक्त किया तथा इस प्रकार के अनुबंध को घोड़ों तथा उनके पालकों हेतु उपयुक्त बताया जिससे विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं, वैटनेरियन्स अपनी जिम्मेदारी इक्वाइन (घोड़ों) के प्रति निभा सकें तथा समुदायिक विकास हेतु काम कर सकें।

डॉ जे.एस. धरमाधरि ने कहा कि इस अनुबंध से विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं घोड़ों के प्रबंधन, स्वास्थ्य तथा वेलफेयर के बारे में जानेंगे साथ ही एनिमल हसबेंडरी तथा रूरल डेवलपमेंट के क्षेत्र में नॉलेज पार्टनर का काम करेंगे।

उक्त कार्यक्रम में ग्रुप इंडिया के सीनियर ऑफिसर डॉक्टर दिनेश कुमार गुप्ता, प्रभारी 1 एमपी आर.वी.सी. के कर्नल, विवेक मिश्रा, कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.पी. लखानी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. तोमर, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ राजेश शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. एस. घोष, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. गोयल, डॉ. आर. पी. सिंह, सहायक कुल सचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा, निधि भलावी उपस्थित रहे। मंच संचालन तथा आभार व्यक्त डॉ. पूनम शाक्य व्दारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर